


# ई–पत्रिका

## मह– नवम्बर 2016

## नगर पालिका परिषद,शाहजहॉपुर

Website- www.nppshahjahanpur.in, E-mail- eonppshahjahanpur@gmail.com

## *हमारे बारे में,*

नोटिफिकेशन सं0 3168 दिनांक 06 अक्टूबर 1864 द्वारा दिनांक 01.11.1864 को बोर्ड का गठन हुआ। पहली बोर्ड बैठक दिनांक 17.11.1864 को सम्पन्न हुई। वर्ष 1956 में बोर्ड को नगर पालिका का दर्जा प्राप्त हुआ। शाहजहॉपुर जनपद लगभग 20 वर्ग किमी के क्षेत्रफल में बसा हुआ है और कृषि प्रधान जनपद है। भौगोलिक स्थिति के आधार पर यह जनपद रूहेलखण्ड के दक्षिण पूर्व में और 27.540 उत्तरीय आक्षांश और 79.570 पूर्व देशान्तर में स्थित है। इस जनपद के पडोसी जनपद लखीमपुर खीरी,सीतापुर,हरदोई, फरूखाबाद,बदायूॅ,बरेली व पीलीभीत है। यह जनपद 1813 में दिलेर खॉ और बहादुर खॉ,जो दरिया खॉ के पुत्र थे,द्वारा बसाया गया था। दरिया खॉ मुगल सम्राट जहॉगीर की सेना के सेनानी थे। दोनों भाई मुगल सम्राट शाहजहॉ के साम्राज्य में उच्च पद पर आसीन थें। सम्राट शाहजहॉ द्वारा दिलेर खॉ को उनकी निष्कपट और स्वार्थ रहित सेवाओं के फलस्वरूप 14 गॉव उपहार के रूप में प्रदान किये गये थे। दिलेर खॉ ने नौहारखेरा गॉव में एक दुर्ग का निर्माण करवाया था जो गर्रा व खन्नौत नदी के बीच में स्थित है। गंगा, रामगंगा,गोमती, गर्रा, खन्नैत इस जनपद की प्रमुख नदिया हैं। जलालाबाद तहसील बाढ से सार्वाधिक प्रभावित क्षेत्र है। इस जनपद की प्रमुख फसलें गेहूॅ, धान,मूगफली, सरसों, गन्ना, आलू आदि है।

मुनेन्द्र सिंह राठौर
अधिशासी अधिकारी

तनवीर खॉ
अध्यक्ष




मा0 अध्यक्ष श्री तनवीर खॉ द्वारा पालिका कर्मचारी श्री सरताज आलम, व्यक्तिक सहायक (अध्यक्ष) के निवास के पास नवनिर्मित इन्टरलाक का उदघाटन करते हुये।

इस अवसर पर स्थानीय सभासद श्री अनवार अहमद, पालिका के लेखाकार श्री गिरीश बहादुर सिंह ,श्री सरताज आलम,वैयक्ति सहायक (अध्यक्ष), स्थानीय जनता हाजी अनीस अहमद ादि भी देखो जासकते हैं।











नगर पालिका परिषद,शाहजहाॅपुर के कर्मचारियों द्वारा दीपावली की पूर्व संध्या पर स्वतन्त्रता संग्राम में शहीद हुये जांबाजों की प्रतिमाओं पर दीपयज्ञ एवं माल्यार्पण का अयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के बच्चे, स्थानीय निवासी एवं पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।